(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195 दूरभाषः (0755) 2761225, फैक्स-(0755) 2760491, ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com*,

Web: www.vidyabhartimp.org

पत्र क्रमांक : 395/2021 दिनांक-28/01/2021

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य महोदय

सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर..............

मध्यभारत प्रान्त

विषयः- शिशुवाटिका प्रवेश उत्सव (विद्यारम्भ संस्कार) आयोजन विषयक।

बंधुवर,

सप्रेम नमस्कार।

प्रभू कृपा से आप सपरिवार स्वस्थ एवं सानन्द होंगे। विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त की योजनानुसार सभी विद्यालयों में बसन्त पंचमी (16 फरवरी 2021) पर विद्यारम्भ संस्कार का आयोजन करने का आग्रह है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्याभारती की शिशुवाटिका पद्धति से समाजजन को अवगत कराना और उनके शिशुओं का विद्यारम्भ संस्कार करना है।

इस वर्ष विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम में गत वर्ष के पंजीकृत भैया-बहिनों के साथ-साथ नवीन पंजीकृत भैया-बहिन एवं उनके माता-पिता को आमंत्रित करना एवं कार्यक्रम का स्वरूप कोविड-19 के बचाव हेतु शासन गाईडलाईन का ध्यान में रखकर तैयार करना उचित रहेगा।

आलोक- पत्र के साथ नवीन पंजीयन आवेदन संलग्न है। जिसका उपयोग नवीन भैया-बहिनों के पंजीकरण हेतु किया जा सकेगा।

भवदीय

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपि-

01. मान. अध्यक्ष/प्रान्तीय संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री मध्यभारत की ओर सादर सूचनार्थ।
02. मान. सचिव भारती शिक्षा समिति मध्यभारत को सादर सूचनार्थ।
03. मान. सदस्य, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान एवं सभी मान. जिला प्रतिनिधिगण की ओर सूचनार्थ।
04. श्रीमान प्रान्त प्रमुख /विभाग समन्वयक मध्यभारत की ओर पालनार्थ

E:\P- July Sisuvatika 2020-21

विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त
विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम, 16 फरवरी 2021



शिशुवाटिका प्रवेश उत्सव कार्ययोजना- 2021

पूर्व तैयारी-

1. अप्रवेशी शिशुओं के विद्यारम्भ संस्कार हेतु सम्पर्क कर पंजीयन करना।
2. विद्यारम्भ संस्कार के लिये शिशुवाटिका में शिशुओं की संख्या को आधार बनाकर पंजीयन लक्ष्य लेना चाहिए।
3. पंजीयन शुल्क 20/- रू. रहेगा। पंजीयन फार्म संलग्न है।
4. इस कार्यक्रम के निमित्त विद्यालयों में शैक्षिक एवं आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करना।
5. विद्यालय में शिशु केन्द्रित विशेष साज-सज्जा एवं साधन सामग्री की कक्षा-कक्ष में जमावट करना।
6. 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं के आधार पर प्रदर्शनी तैयार करना चाहिए। प्रचार हेतु डाक्यूमेंट्री भी बनाई जा सकती है।
7. इस अभियान में विद्यालय में कार्यरत समस्त आचार्य/दीदी, समिति सदस्य एवं पूर्व छात्रों को सक्रिय करना है।
8. वक्ता को शिशुवाटिका साहित्य उपलब्ध कराना चाहिऐ।
9. वक्ता से अपेक्षा- विद्यारम्भ संस्कार का महत्व, शिशुवाटिका की अवधारणा, शिशु मंदिर योजना के कार्य का स्वरूप एवं उपलब्धियाँ, एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिशु शिक्षा की प्रासंगिकता आदि।

जानकारियाँ एवं करणीयकार्य

1. विद्यालय का वातावरण स्वच्छ, सुन्दर, संस्कारक्षम, शैक्षिक एवं आध्यात्मिक बनाना है।
2. विद्यारम्भ संस्कार के लिये पंजीयन के अनुसार यज्ञ वेदी का निर्माण करना चाहिये।
3. यज्ञ वेदी की साज-सज्जा, आटा, हल्दी, कुमकुम, रोली एवं पुष्प से करना।
4. वेदी निर्माण ईंट, पीली मिट्टी, गाय के गोबर से करना उचित रहेगा।
5. वेदी पर आवश्यक समस्त सामग्री की पूर्ण व्यवस्था करना।
6. माता की गोद में बैठकर शिशु स्लेट पर लेखन करेंगे तब उन पर पुष्प वर्षा करना एवं आशीर्वाद देना।
7. अभिभावकों के आगमन के समय प्रवेश द्वार पर स्वागत व्यवस्था रखना है।
8. विद्यालय की सभी व्यवस्थाओं को छोटे-छोटे समूहों में अभिभावकों को दिखाना चाहिऐ। आचार्य/दीदी इसमें अभिभावकों के साथ रहें। (शिशुवाटिका के संदर्भ में)

प्रवेश उत्सव (विद्यारम्भ संस्कार) का स्वरूप
बसंत पंचमी

-	प्रातः 9.30 बजे	शिशुओं का अभिभावकों के साथ आगमन (प्रवेश द्वार पर स्वागत) चाय / अल्पाहार की व्यवस्था करना।
-	प्रातः 9.30 बजे से 10.00	अभिभावकों द्वारा परिसर, कक्षा-कक्ष का अवलोकन (अभिभावक टोली के साथ आचार्य/दीदी रहे) (शिशुओं के लिए आनंदमूलक वातावरण)
-	प्रातः 10 बजे से 11.30	''विद्यारम्भ संस्कार'' अग्निहोत्र एवं अभिभावकों का प्रबोधन।

विद्याभारती योजना की पुस्तकें ''लालयेत पंचवर्षाणि'' और ''माँ की पावन गोद में'' पुस्तकों का सशुल्क वितरण किया जा सकता है।

E:\P- July Sisuvatika 2020-21

विद्याभारती मध्यभारत

बसन्त पंचमी पर आयोजित सरस्वती पूजन,

विद्यारम्भ संस्कार

प्रसन्नता का विषय है, कि विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों में बसन्त पंचमी पर सरस्वती पूजन एवं विद्यारम्भ संस्कार का आयोजन हो रहा है। मैं भी अपने बालक/बालिका को इस उत्सव में सहभागी करना चाहता/चाहती हूँ। आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है।

पंजीयन फार्म

- शिशु का नाम...
- पिता का नाम...
- माता का नाम...
- शिशु की जन्मतिथि...
- निवास का पूर्ण पता...

  ....

  ....
- मोबाईल नंबर...
- पिता का व्यवसाय..
- पंजीयनकर्ता का नाम....................................दायित्व......................
- मोबाईल नंबर...

हस्ताक्षर अभिभावक

(नाम..)

सरस्वती शिशु मंदिर...जिला..........................